निबंध

होली

1 होली हमारे देश का एक लोकप्रिय त्योहार है।

2 इसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है।

3 यह त्योहार प्रति वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

4 यह त्योहार पूरे भारतवर्ष में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

5 होली की शुरुआत होलिका दहन से होती है।

6 दूसरे दिन सभी एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं।

7इस दिन घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं।

8 होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

9 होली भाईचारे और खुशियों का त्योहार है।

10 मुझे यह त्योहार बहुत प्रिय है।